कार्यालय प्राचार्य शासकीय, डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.) फोन नं.– 0788–2323773

Email:- govtgirlspgcollege@gmail.com **Website:** www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602

दिनांक : 02.04.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

पोषण पखवाडा 2022

गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोषण पखवाडा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमो का आयोजन किया गया जिसमे कम लागत से पौष्टिक व्यंजनों का निर्माण, पोस्टर प्रदर्शनी, पावर पाइंट प्रेजेन्टेशन एवं अतिथि व्याख्यान प्रमुख है।

सर्वप्रथम दिमागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती अमिता सहगल द्वारा पोषण पखवाडा के आयोजन के उदेश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल द्वारा भारत में कुपोषण की समस्या एवं इनके बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गयी अतिथिवक्ता के रूप मे श्रीमती तृप्ति खनन सहायक प्राध्यापक घनश्याम सिंह आर्य कन्या महावीध्यालय के द्वारा “शैशवास्था मे पोषण की कमी से होने वाले रोग और उनसे बचाव” की जरनकारी प्रदान कि गयी।M.Sc. IV sem. की छात्रा कु जयती राय ने “पूर्व शालेय बालको में कुपोषण के कारण”, M.Sc. II sem. की छात्रा कु पूजा चौरसिया ने “पूर्व शालेय बाल्क में पोषण की कमी से होने वाली समस्या एवं उनके बचाव” तथा M.A. II sem कु उर्वशी ने किशोरियो में एनीमिया की पहचान व बचाव की जानकारी पावर पाइंट के माध्यम से दी ।

छात्राओ द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से मीलेटस का आहार मे महत्व एवं एनीमिया रोग के कारण, लक्षण, उपचार, से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी। प्रदर्शनी का उदघाटन प्राचार्य महोदय **डॉ. एस. सी. तिवारी** के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओ द्वारा तैयार Healthy Recipe book का विमोचन किया जिसमे पौष्टिक भोजन व नाश्ते बनाने की विधि एवं उनका पोषण मूल्य के बारे मे बताया गया है। प्राचार्य ने इस अवसर पर छात्राओ को सम्बोधित किया तथा उनके प्रयासो की सराहना करते हुए कहा यह प्रदर्शनी व पुस्तक निश्चय ही सभी के लिए लाभ दायक होगी।

पोषण पखवाडा के आयोजन में डॉ श्रीमती रेशमा लाकेश, डॉ श्रीमती तोशिना तेलंग, कु. तबस्सुम अली एवं हिमिका गबेल का विशेष योगदान रहा। अंत मे डॉ श्रीमती अल्का दुग्गल के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)